# <u>प्रेस नोट</u>

**पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 05.10.2025 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः**

- थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त महेश पुत्र स्व0 ओमप्रकाश निवासी विजयनगर थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात अभियुक्त द्वारा रास्ते में आने जाने वाली लड़कियों को देखकर अश्लील हरकते करना एवं अश्लील गाने गाने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 0297/2025 धारा 296(B) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त प्रेम सिंह पुत्र श्रीराम निवासी सिखमापुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 36 वर्ष अभियुक्त द्वारा महिलाओं व लड़कियों को देखकर गाने गाना व अश्लील हरकते करने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 336/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना अमराहट पुलिस द्वारा अभियुक्त दीपेन्द्र सिंह पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम करियापुर थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात अभियुक्त द्वारा सार्वजनिक स्थान पर आने जाने वाली लड़कियों को देखकर अश्लील गाना गाने व हरकते करने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 346/25 धारा 296(B) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 18 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना राजपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना शिवली पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों,थाना अमराहट पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों,थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया गया।